B-Mail

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी,

गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) ।

Email- adeo-gaz@up.nic.in, ☎05482220211

संख्या– 1144 /निर्वाचन–817/11 दिनांक– 28 जुलाई,2016

मे0 आशू लाजिस्टिक एण्ड पैकेजिंग प्रा0लि0,
हाऊस नं0–14 अमृतनगर,
बेलटोला चरैली, गुवाहाटी ।
मो0नं0–9864061275, 8822461275 (अमित सिंह)

विषय– आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2017 के प्रयोगार्थ असम राज्य के जनपद सिलचर व जोरहट से ई0वी0एम0 मशीनों के परिवहन व्यवस्था के संबंध में ।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या–754/सी0ई0ओ0–3–13/3–2016 दिनांक 13 जुलाई,2016 द्वारा विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2017 के प्रयोगार्थ इस जनपद हेतु असम राज्य के जनपद सिलचर से बी0यू0–1390, सी0यू0–2210 एवं जनपद जोरहट से बी0यू0–2120 कुल 5720 ई0वी0एम0 मशीनें आवंटित की गयी हैं । उक्त के संबंध में आपके कोटेशन संख्या–एएएलपीपीएल/2016–17/आईएन/2016 609 दिनांक 18 जुलाई,2016 द्वारा जनपद सिलचर हेतु रूपये 1,00,000.00 प्रति कंटेनर एवं जनपद जोरहट हेतु रूपये 80,000.00 प्रति कंटेनर की दर, जिसमें लोडिंग/अनलोडिंग एवं रास्ते में होने वाले अन्य व्यय ईंधन सहित सम्मिलित है, पर उपरोक्तानुसार 5720 ई0वी0एम0 मशीनों के परिवहन कर इस जनपद में लाये जाने की स्वीकृति जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा प्रदान कर दी गयी है । कार्य समाप्ति के पश्चात बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी ।

उक्त कार्य हेतु इस जनपद से श्री यू0पी0सिंह, उप निदेशक कृषि प्रसार, गाजीपुर, मो0–9415457201, 9235629441 नोडल अधिकारी के रूप में नामित है, जिनकी देखरेख में उपरोक्त ई0वी0एम0 मशीनों के लोडिंग/अनलोडिंग/परिवहन व्यवस्था का कार्य होना है ।

अतएव आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार असम राज्य के जनपद सिलचर से बी0यू0–1390, सी0यू0–2210 एवं जनपद जोरहट से बी0यू0–2120 ई0वी0एम0 मशीनों हेतु क्रमशः 2–2 कन्टेनर कुल 4 (चार) कन्टेनर दिनांक 31 जुलाई,2016 को उपलब्ध कराते हुये नोडल अधिकारी के देखरेख में लोडिंग कराकर इस जनपद में अनलोडिंग कराया जाना सुनिश्चित करें ।

28/7/16
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
गाजीपुर।

1. प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त जनपदों से ई0वी0एम0 लाने हेतु पर्याप्त सुरक्षाकर्मी की तैनाती करने का कष्ट करें तथा तैनात किये गये सुरक्षाकर्मी के नाम, पदनाम व मोबाइल नम्बर इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुये उपरोक्तानुसार नामित नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ।
2. प्रतिलिपि श्री यू0पी0सिंह, उप निदेशक कृषि प्रसार, गाजीपुर, मो0–9415457201, 9235629441/नोडल अधिकारी ई0वी0एम0 परिवहन को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त ट्रांसपोर्ट से वार्ता/समन्वय स्थापित कर अग्रिम कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ।
3. प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

28/7/16
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
गाजीपुर।

E:\Official\Surendra\Letter_EVM.doc